J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

(formerly YMCA University of Science and Technology)

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

NEWS CLIPPING: 22.11.2019

NAVBHARAT TIMES

कैबिनेट मंत्री को बताईं यूनिवर्सिटी की उपलब्धियां

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने गुरुवार को हरियाणा कौशल विकास व औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री मूलचंद शर्मा से भेंट की। कुलपति दिनेश कुमार ने मंत्री को यूनिवर्सिटी की विकास संबंधित गतिविधियों से बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हें यूनिवर्सिटी में चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन करने के लिए आमंत्रित किया।

जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी के कुलपति ने मंत्री को विकास कार्यों के अवलोकन के लिए आमंत्रित किया

मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि जेसी यूनिवर्सिटी राज्य की एक प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी है और सरकार यूनिवर्सिटी के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

NEWS CLIPPING: 22.11.2019

DAINIK JAGRAN

स्वास्थ्य शिविर में 300 छात्राओं की हुई जांच

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद: जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय में भारत विकास परिषद और वैश्य समाज समिति के सहयोग से छात्राओं के लिए एनीमिया और त्वचा सबंधी रोगों की जांच के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का संचालन डीन स्टूडेंट वेलफेयर एंड वुमेन वेलफेयर सेल द्वारा किया गया। शिविर में 300 से अधिक छात्राओं तथा संकाय सदस्यों ने मुफ्त स्वास्थ्य जांच सुविधा का लाभ उठाया। शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने किया और स्वास्थ्य मुद्दों पर विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के लिए आयोजकों द्वारा की जा रही पहल की सराहना की। आयरन की कमी से होने वाला एनीमिया कुपोषण महिलाओं में होने वाली एक आम स्वास्थ्य समस्या है, जो कई बीमारियों का प्रमुख कारण है और इसके प्रति जागरूकता जरूरी है। उन्होंने एनीमिया को दूर करने के लिए नियमित रूप से संतुलित पोषक आहार का सेवन करने की आवश्यकता पर बल दिया। शिविर का समंवय डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ.सोनिया बंसल और महिला कल्याण प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ.अंजू गुप्ता द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के आयोजन में प्रोत्साहन के लिए डॉ.बंसल ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार का आभार जताया। शिविर में होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ ललित के अग्रवाल ने छात्राओं को त्वचा संबंधी समस्या के लिए परामर्श दिया।

NEWS CLIPPING: 22.11.2019

HINDUSTAN

कुलपति ने मूलचंद शर्मा से भेंट की

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने गुरुवार को हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री मूलचंद शर्मा से भेंट की। उन्होंने कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर बधाई दी और विश्वविद्यालय की विकास गतिविधियों से परिचित करवाया। विश्वविद्यालय में आने के लिए आमंत्रित किया।

NEWS CLIPPING: 22.11.2019

DAINIK BHASKAR

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा से मिले

फरीदाबाद| जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार गुरुवार को हरियाणा के कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा से मिले और उन्हें यूनिवर्सिटी की विकास संबंधी गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने इन विकासात्मक गतिविधियों के अवलोकन के लिए आमंत्रित किया। कैबिनेट मंत्री शर्मा ने कहा कि जेसी बोस विश्वविद्यालय राज्य का एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है और सरकार इस विश्वविद्यालय के विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने विश्वविद्यालय के विकास में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।